आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 08.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि का निर्णय लिया है।
- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए आज से पोषण पखवाड़ा का सातवां संस्करण आयोजित करेगा।
- प्रशासन के उद्योग निदेशालय ने नमूनाघर ग्राम पंचायत में हस्तशिल्प पर अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।
- श्रम विभाग ने द्वीपसमूह के प्लेटफार्म और गिग वर्कर्स से ई–श्रम पोर्टल पर पजीकरण कराने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि का निर्णय लिया है। लेकिन, तेल विपणन कंपनियों ने कहा है कि दोनों पेट्रोलियम उत्पादों के खुदरा मूल्यों में कोई वृद्धि नहीं होगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कल नई दिल्ली में बताया कि उत्पाद शुल्क में वृद्धि का प्रभाव उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये की वृद्धि आज से प्रभावी होगी। श्री हरदीप पुरी ने कहा कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के मूल्य में पचास रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि आज से उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए गैस सिलेंडर का मूल्य पांच सौ पचास रुपये और अन्य के लिए आठ सौ तिरपन रुपये होगा।

<><><><><><><>

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय कुपोषण को दूर करने के तहत आज से पोषण पखवाड़ा का सातवां संस्करण आयोजित करेगा। इस वर्ष के पोषण पखवाड़े में मुख्य रूप से चार विषयों पर जोर दिया जाएगा। ये विषय हैं जीवन के पहले एक हजार दिनों पर ध्यान केंद्रित करना, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना, कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली।

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर आज एक वेबकास्ट के माध्यम से अट्ठारह भागीदार मंत्रालयों के अधिकारियों, राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए तीन घंटे में नब्बे प्रतिशत बैटरी चार्ज करने की क्षमता वाले स्वदेशी वायरलेस चार्जर जल्द ही अस्तित्व में आ जाएंगे। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रगत संगणन विकास केन्द्र–सीडैक और विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान नागपुर द्वारा विकसित तकनीक व्यावसायिक अनुप्रयोग के लिए एक भारतीय कंपनी को हस्तांतरित किया गया है।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय ने सत्रह मार्च से सात अप्रैल तक नमूनाघर ग्राम पंचायत में हस्तशिल्प पर पन्द्रह दिवसीय अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें नारियल के खोल, लकड़ी, बेंत और बांस के उत्पाद के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य प्रतिभागियों को हस्तशिल्प में आवश्यक कौशल, स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना और स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देना था। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नमूनाघर के प्रधान वाई वेंकटेश्वर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने स्थानीय बाजार की मांगों के साथ सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सहायता सेवाएं प्रदान करने के लिए उद्योग निदेशालय की सराहना की। कार्यक्रम में लगभग बीस प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की वनस्पति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने ग्राम गोद लेने कार्यक्रम के तहत सिप्पीघाट स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियाँ शामिल थीं। वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष दीपोन शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारियों की भावना और भी मजबूत होती है।

वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्रा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि बच्चों ने ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर छात्रों को फलों के पेड़ के पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

<><><><><><><>

भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने प्लेटफॉर्म और गिग वर्कर्स के पंजीकरण के लिए 'विशेष पंजीकरण शिविर' आयोजित करने के तहत सत्रह अप्रैल तक एक राष्ट्रव्यापी अभियान का प्रस्ताव दिया है। 'प्लेटफॉर्म वर्कर' पारंपरिक नियोक्ता–कर्मचारी संबंध से बाहर किसी कार्य व्यवस्था में लगे व्यक्ति होते है, जो केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किसी अन्य गतिविधि के लिए भुगतान के बदले में अन्य संगठनों या व्यक्तियों तक पहुँचने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करते हैं। इसी तरह, एक 'गिग वर्कर' वह व्यक्ति होता है जो पारंपरिक नियोक्ता–कर्मचारी ढांचे से बाहर भी काम करता है। इस पहल के तहत, अंडमान निकोबार प्रशासन के श्रम विभाग ने द्वीपसमूह के सभी प्लेटफ़ॉर्म और गिग वर्कर्स से अनुरोध किया है कि वे ई–श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाएँ। जो कर्मचारी ऑनलाइन पंजीकरण करवाने में असमर्थ हैं, वे पंजीकरण में सहायता के लिए किसी भी कार्य दिवस पर श्रम विभाग में जाकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><>

मालवाहक जहाज एम वी चुगलम बारह अप्रैल को शाम चार बजे लिटिल अंडमान, कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा। यह जहाज संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने और चढ़ाने के तुरंत बाद श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। माल की बुकिंग आज सुबह नौ से बारह बजे के बीच होगी। माल की लोडिंग दस अप्रैल से शुरू होगी।

<><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब तक बावन करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जाने और इसके दशकीय समारोह आयोजित होने की खबर को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। प्रदर्शनी मैदान में चल रहे पुस्तक मेले में विभिन्न साहित्यिक गतिविधियां आयोजित होने की खबर को द्वीप समाचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने दक्षिण अण्डमान जिले की जिला योजना समिति की बैठक पन्द्रह अप्रैल से आयोजित होने की खबर को भी पहले पन्ने में जगह दी है। मायाबंदर के डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद अस्पताल में क्षमता विस्तार, अतिरिक्त भवन और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की खबर को द इको ऑफ इंडिया ने पहले पन्ने में प्रकाशित किया है। जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के छात्रों द्वारा सीपीघाट स्कूल का दौरा करने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने गुरू की रसोई की ओर से मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाओं का दुरुपयोग और बाल सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की खबर को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>